## संक्षिप्त

### माहेश्वरी समाज ने किए धार्मिक व सेवा कार्य

**रतनगढ़( निसं )** माहेश्वरी समाज द्वारा महेश नवमी पर्व मंगलवार को श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। समाज के सदस्यों ने श्री संकटमोचन वीर हनुमान (ताल बालाजी) मंदिर से माहेश्वरी भवन तक प्रभात फेरी निकाली तथा भगवान महेश की पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर श्री श्याम गौशाला में गौसेवा कर गौमाता को हरा चारा व गुड़ खिलाया गया तथा अपना घर आश्रम में असहाय लोगों को भोजन कराया गया। माहेश्वरी भवन में सामूहिक पूजन एवं रुद्राभिषेक कर समाज और देश की सुख-समृद्धि व उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गई। कार्यक्रम में काशीप्रसाद झंवर, जय झंवर, नरेश पेड़ीवाल, प्रदीप कुमार लढा, रमेश पेड़ीवाल, महेंद्र झंवर, नरेंद्र झंवर, चंद्रकांत सोनी, श्यामलाल सोनी, आदित्य तापड़िया, वासुदेव लढ़ा, राकेश जाजू, महेश जाजू, रामअवतार चांडक सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु एवं महिला-पुरुष उपस्थित रहे।

### शिविर में आठ साल पुराना विवाद सुलझा

**पाटन** (निसं)। राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत पाटन में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर-2026 आमजन के लिए राहत और समाधान का केंद्र बनकर उभरा। शिविर में विभिन्न विभागों की वर्षों से लंबित समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण कर ग्रामीणों को बड़ी राहत प्रदान की गई।शिविर की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि राजस्व विभाग द्वारा करीब आठ वर्षों से लंबित खाता विभाजन विवाद का समाधान रहा। प्रशासन ने एक खाते का विभाजन कर चार नए खाते बनाए, जिससे संबंधित परिवारों को राहत मिली और विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त हुआ।परिवादी केदारमल, चौथमल एवं जयराम पुत्र मदनलाल माली निवासी पाटन ने शिविर प्रभारी को बताया कि उनकी 19 खसरों में दर्ज लगभग 1.6007 हेक्टेयर पुश्तैनी शामलाती भूमि का खाता विभाजन लंबे समय से लंबित था। इसके चलते उन्हें कई सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।शिविर प्रभारी के निर्देश पर तहसीलदार पाटन, भू-अभिलेख निरीक्षक, गिरदावर एवं पटवारी हल्का पाटन ने सभी सह-खातेदारों से समझाइश कर आपसी सहमति से जोत विभाजन की प्रक्रिया पूरी कराई। इसके बाद तैयार विभाजन प्रस्ताव को तहसीलदार के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसे नियमानुसार स्वीकृत करते हुए एक खाते से चार नए खाते बना दिए गए।विकास अधिकारी शशिबाला ने शिविर के दौरान लाभार्थी समीना बेगम की वृद्धावस्था पेंशन मौके पर ही शुरू करवाई तथा बोधू खान और समीना बेगम को पेंशन पीपीओ वितरित किए। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने भी तत्परता दिखाते हुए दो पात्र लाभार्थियों के आवेदन तैयार कर तत्काल पेंशन स्वीकृत की। इसके अलावा ग्राम पंचायत द्वारा तीन विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र जारी किए गए। महिला एवं बाल विकास विभाग ने बालिका देविका का जन्मदिन मनाकर जागरूकता का संदेश दिया।

# बीडीके अस्पताल के पालना गृह में रात 8.50 बजे मिली नवजात बालिका

- 1850 ठाम वजन की बालिका अस्पताल की आईसीयू में भर्ती
- शिशू रोग विशेषज्ञों की टीम द्वारा उपचार जारी

**झुंझुनूं**। जिले के सबसे बड़े राजकीय बीडीके अस्पताल के पालना गृह में मंगलवार रात 8.50 बजे नवजात बालिका मिली। अस्पताल की आपातकालीन ईकाई में कार्यरत नर्सिंग अधिकारी सीमा को रात 8.50 बजे पालना गृह की घंटी सुनी। अस्पताल नर्सिंग अधिकारी ने पालना गृह में जाकर देखा तो पाया कि कपड़े मे लिपटी हुई नवजात बालिका सिसकियां भर रही है। नर्सिंग अधिकारी ने तुरंत नवजात बालिका को आपातकालीन ईकाई में सीएमओ ड्यूटी चिकित्सक डॉ. राहुल सोनी को दिखाया । डॉ. राहुल सोनी ने नवजात की आवश्यक जांच की तथा ऑनकॉल शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. नयन झाझड़िया ने नवजात बच्ची का जांच एवं उपचार आरंभ करते हुए नवजात को गहन चिकित्सा ईकाई में भर्ती किया।

एसएनसीयू प्रभारी डॉ. विजय झाझड़िया ने बाल कल्याण समिति को सूचना दी। डॉ. नयन झाझड़िया , डा. विजय झाझड़ि या , रेजीडेन्ट चिकित्सक एवं प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ की देखरेख में उपचार आरंभ किया। पीएमओ एवं वरिष्ठ शिशू रोग विशेषज्ञ डॉ. जितेंद्र भाम्बू ने बताया कि नवजात बालिका का जन्म 24-48 घंटे का प्रतीत हो रहा है। नवजात का वजन 1850 ठाम ,शारिरिक तापमान कम पाया गया था। बच्ची 34-36 सप्ताह के गर्भावस्था के बाद जन्म हुई प्रतीत होती है। नवजात के सांस में तकलीफ़ के मद्देनजर सीपैप मशीन से आवश्यक दवाओं के साथ उपचार आरंभ कर दिया है। नवजात को फैंके नहीं ,पालना ग्रह में रख की बढ़ती जागरूकता के कारण आमजन द्वारा नवजात को पालना गृह में रखा गया है।

## झुंझुनूं के गांव होंगे डिजिटल रूप से सशक्त

**झुंझुनूं** । ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल क्रांति को गति देने की दिशा में भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) ने झुंझुनूं जिले की सभी 301 ग्राम पंचायतों को हाई-स्पीड इंटरनेट सेवा से जोडने की महत्वाकांक्षी भारत नेट फेज-3 परियोजना शुरू की है। इस योजना के तहत सभी ग्राम पंचायतों को अत्याधुनिक रिंग टेक्नोलॉजी से जोड़ा जाएगा, जिससे ऑप्टिकल फाइबर केबल किसी एक स्थान पर क्षतिग्रस्त होने की स्थिति में भी इंटरनेट सेवा बाधित नहीं होगी। बीएसएनएल झुंझुनूं के प्रधान महाप्रबंधक पवन खत्री ने बताया कि भारत नेट परियोजना का उद्देश्य ठाामीण क्षेत्रों में डिजिटल सुविधाओं का विस्तार करते हुए डिजिटल विभाजन को समाप्त करना और गांवों को आधुनिक संचार व्यवस्था से जोड़ना है। इससे शिक्षा, स्वास्थ्य, ई-गवर्नेंस, ऑनलाइन सेवाओं तथा स्वरोजगार के नए अवसरों को बढ़ावा मिलेगा।

ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट सेवाओं की पहुंच बढ़ाने के लिए बीएसएनएल ने दो नए एफटीटीएच (फाइबर टू द होम) ब्रॉडबैंड प्रोत्साहन प्लान भी लॉन्च किए हैं। रूरल एंट्री प्लान-259 के तहत उपभोक्ताओं को मात्र 259 रुपये प्रतिमाह में 700 जीबी तक डेटा, 25 एमबीपीएस स्पीड, असीमित वॉयस कॉलिंग तथा नि:शुल्क मॉडेम इंस्टॉलेशन की सुविधा मिलेगी। इसके साथ वेव्स ओटीटी सेवा भी उपलब्ध कराई जाएगी। वहीं फाइबर बेसिक प्लान-499 में 499 रूपये प्रतिमाह पर 3300 जीबी तक डेटा और 60 एमबीपीएस की हाई-स्पीड इंटरनेट सुविधा प्रदान की जाएगी। इस योजना में नि:शुल्क इंस्टॉलेशन और ओएनटी उपकरण उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही पहले माह का किराया नहीं लिया जाएगा तथा शुरूआती तीन माह तक 100 रुपये प्रतिमाह की विशेष छूट भी दी जाएगी। उपभोक्ता 400 से अधिक आईएफटीवी चैनलों का लाभ बिना अतिरिक्त शुल्क के प्राप्त कर सकेंगे। बीएसएनएल अधिकारियों के अनुसार प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत इच्छुक युवा भारत उद्यमी योजना से जुड़कर स्वरोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं। ठाामीण क्षेत्रों में इंटरनेट कनेक्टिविटी बढ़ने से डिजिटल सेवाओं, ऑनलाइन व्यवसाय और ई-कॉमर्स गतिविधियों को भी नया बल मिलेगा बीएसएनएल ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए निकटतम बीएसएनएल सेवा केंद्र से संपर्क करें अथवा.. पर जानकारी प्राप्त करें।

## नोहर में छात्रा अपूर्वा को स्कूटी प्रदान

**नोहर** (निसं)। यहां श्रीमती नर्बदा देवी बिहाणी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राजस्थान सरकार की कालिबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना के तहत चयनित छात्रा को स्कूटी वितरित की गई।

कार्यक्रम महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अमर सिंह मूनपुरिया के निर्देशन में आयोजित हुआ। योजना के तहत चयनित छात्रा अपूर्वा पुत्री परदीप को स्कूटी प्रदान की गई। छात्रा को स्कूटी के साथ हेलमेट एवं पेट्रोल कूपन भी उपलब्ध करवाया गया।

इससे छात्रा को नियमित रूप से महाविद्यालय आने-जाने तथा उच्च शिक्षा जारी रखने में सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. अमर सिंह मूनपुरिया ने कहा कि राज्य सरकार की यह योजना छात्राओं को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने के साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने छात्रा को शुभकामनाएं देते हुए जीवन में निरंतर आगे बढ़ने का संदेश दिया। कार्यक्रम का समन्वय सहायक आचार्य एवं प्लेसमेंट सेल प्रभारी अशोक कुमार ने किया। महाविद्यालय प्रशासन द्वारा आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर छात्रा को स्कूटी सुपुर्द की गई। इस दौरान महाविद्यालय स्टाफ ने छात्रा को बधाई दी।

## सार-समाचार

### राज्यपाल ने यज्ञ में आहुति दी

**उदयपुरवाटी/झुंझुनूं** (निसं)। झड़ाया बालाजी धाम में आयोजित 108 कुण्डीय श्रीराम महायज्ञ के सातवें दिन मंगलवार को राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने यज्ञ में आहुति अर्पित कर विश्व शांति, जनकल्याण और पर्यावरण शुद्धि की कामना की। इस दौरान अपने संबोधन में उन्होंने भगवान राम के चरित्र, महाराणा प्रताप के इतिहास, सनातन संस्कृति और शिक्षा के महत्व पर विस्तार से विचार रखे। राज्यपाल ने सनातन संस्कृति के पुनर्जागरण की बात करते हुए कहा कि वर्तमान समय अपनी संस्कृति और परंपराओं को मजबूत करने का है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को सनातन धर्म, भारतीय संस्कृति और नैतिक मूल्यों से जोड़ने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि यदि गरीबी दूर करनी है तो उसका सबसे प्रभावी माध्यम शिक्षा है। अच्छी शिक्षा ही व्यक्ति, समाज और राष्ट्र के विकास का आधार बनती है। उन्होंने लोगों से अपने बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाने और उन्हें संस्कारवान नागरिक बनाने का आग्रह किया। इसके बाद राज्यपाल यज्ञशाला पहुंचे, जहां चल रहे 108 कुण्डीय श्रीराम महायज्ञ में उन्होंने आहुति देकर विश्व शांति, जनकल्याण एवं पर्यावरण शुद्धि की कामना की। यज्ञ के पश्चात राज्यपाल कथा पांडाल पहुंचे। जहां पीएचईडी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी, खंडेला विधायक सुभाष मील, उदयपुरवाटी के पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी व महायज्ञ समिति के पदाधिकारियों ने दुपट्टा ओढ़ाकर एवं स्मृति चिह्न भेंट कर उनका अभिनंदन किया।

### खेतड़ी क्षेत्र में तेज हवाओं के साथ बारिश

**खेतड़ी** (निसं)। खेतड़ी क्षेत्र में मंगलवार दोपहर मौसम ने अचानक करवट ली और तेज हवाओं के साथ हुई जबरदस्त बारिश ने लोगों को गर्मी से राहत दिलाई। सुबह से ही आसमान में काले बादल छाए रहे और कुछ ही देर में तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई। बारिश का दौर करीब आधे घंटे तक जारी रहा, जिससे क्षेत्र की सड़कों पर पानी भर गया और कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति बन गई। बारिश के कारण खेतड़ी कस्बे सहित आसपास के क्षेत्रों की मुख्य सड़कें जलमग्न हो गईं। निचले इलाकों में पानी भरने से लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा। कई मोहल्लों में घरों के बाहर पानी जमा हो गया, जिससे स्थानीय निवासियों को काफी दिक्कतें हुईं। बाजार क्षेत्र में भी पानी भरने से दुकानदारों और ग्राहकों को परेशानी झेलनी पड़ी। तेज हवाओं के चलते कई स्थानों पर पेड़ों की टहनियां टूटकर सड़कों पर गिर गईं, हालांकि किसी बड़े नुकसान की सूचना नहीं मिली है। बारिश के दौरान लोग सुरक्षित स्थानों पर शरण लेते नजर आए। वहीं खेतों में खड़ी फसलों के लिए यह बारिश लाभदायक मानी जा रही है। किसानों ने बारिश को खरीफ फसलों के लिए शुभ संकेत बताया है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में भी क्षेत्र में बारिश की गतिविधियां जारी रहने की संभावना है। प्रशासन ने लोगों से जलभराव वाले क्षेत्रों में सावधानी बरतने और अनावश्यक रूप से घरों से बाहर नहीं निकलने की अपील की है।

### जलभराव की समस्या पर नगर पालिका ने संभाला मोर्चा

**नोहर** (निसं) । यहां लंबे समय से चली आ रही समस्या पर काफी जद्दोजहद के बाद आखिरकार नगर पालिका प्रशासन ने रेलवे अंडरपास की सफाई का कार्य शुरू करवा दिया है। अंडरपास में बारिश के दौरान होने वाले जलभराव से आमजन को हो रही परेशानी को देखते हुए नगर पालिका की टीम मौके पर पहुंची। पालिका कर्मचारियों जिनमें सफाई निरीक्षक महावीर सिंह, जमादार अमित बाल्मीकि सहित नगर पालिका का पूरा अमला सफाई कार्य में जुटा हुआ था। अंडरपास में पानी की सुचारू निकासी के लिए नगर पालिका की दमकल की मदद से लंबे समय से बंद पड़े बोरिंग को खोलने का कार्य किया जा रहा है, ताकि भविष्य में बारिश के दौरान जलभराव की स्थिति से राहत मिल सके। गौरतलब है कि इस समस्या को लेकर आमजन की ओर से लगातार नगर पालिका प्रशासन को अवगत करवाया जाता रहा था। नियमित सफाई नहीं होने से बोरिंग चॉक हो गया था, जिसके चलते रविवार को हुई हल्की बारिश में भी अंडरपास में कई फीट पानी भर गया और लोगों का आवागमन बाधित हो गया। वहीं स्थानीय लोगों ने अंडरपास से जुड़ी टूटी-फूटी सड़क की मरम्मत की मांग भी उठाई है। सड़क पर बने गड्ढों और खराब हालत के कारण वाहन चालकों, स्कूली बच्चों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि सफाई के साथ-साथ सड़क सुधार का कार्य भी शीघ्र करवाया जाए।

# नोहर में ऑटोमेटेड ड्राइविंग टेस्टिंग ट्रैक शुरू

- नए ट्रैक के शुरू होने के बाद अब ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने वाले आवेदकों को निर्धारित प्रक्रिया के तहत ऑटोमेटेड ड्राइविंग टेस्ट देना होगा।

**नोहर** (निसं)। यहां जिला परिवहन कार्यालय में आज से ऑटोमेटेड ड्राइविंग टेस्टिंग ट्रैक का संचालन शुरू हो गया है। यह ट्रैक मारुति सुजुकी द्वारा सीएसआर (कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी) के तहत तैयार कर संचालित किया जा रहा है। नए ट्रैक के शुरू होने के बाद अब ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने वाले आवेदकों को निर्धारित प्रक्रिया के तहत ऑटोमेटेड ड्राइविंग टेस्ट देना होगा। इस व्यवस्था से ड्राइविंग कौशल का मूल्यांकन तकनीकी माध्यम से किया जाएगा, जिससे टेस्ट प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी। परिवहन विभाग के अनुसार नए ट्रैक पर वाहन चलाने की दक्षता, ट्रैफिक नियमों की समझ और ड्राइविंग नियंत्रण की जांच आधुनिक तरीके से की जाएगी। टेस्ट में सफल होने के बाद ही लाइसेंस जारी किया जाएगा। वहीं ऑटोमेटेड ट्रैक शुरू होने के साथ ड्राइविंग टेस्ट से जुड़ी फीस में भी वृद्धि की गई है। नई व्यवस्था के कारण अब आवेदकों को निर्धारित बढ़ी हुई फीस के अनुसार भुगतान करना होगा। अधिकारियों का कहना है कि ऑटोमेटेड ड्राइविंग टेस्टिंग ट्रैक शुरू होने से सड़क सुरक्षा को बढ़ावा मिलेगा ।

# केमिस्टों के खिलाफ जांच से दवा व्यापारियों में भय का माहौल

**चूरू** (निसं)। जिले में पुलिस प्रशासन द्वारा दवा विक्रेताओं (केमिस्टों) के खिलाफ चलाई जा रही कथित जांच और सत्यापन प्रक्रिया को लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है। चूरू जिला केमिस्ट एसोसिएशन ने पुलिस पर अपने विधिक क्षेत्राधिकार का उल्लंघन करने और दवा व्यापारियों में भय व असुरक्षा का माहौल पैदा करने का गंभीर आरोप लगाया है। इस संबंध में एसोसिएशन के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में तुरंत हस्तक्षेप करने की मांग की। केमिस्टों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि पुलिस का यह दमनकारी व्यवहार बंद नहीं हुआ, तो उन्हें मजबूरन दुकानें बंद करनी पड़ेगी, जिससे जिले में जीवन रक्षक दवाओं का गंभीर संकट खड़ा हो सकता है। पूरे प्रदेश में सिर्फ चूरू में ही ऐसी दमनकारी नीति क्यों है। एसोसिएशन ने कहा कि चूरू जिले के समस्त दवा विक्रेता राज्य सरकार के नशा मुक्त राजस्थान अभियान के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। वे बिना चिकित्सकीय पर्ची (प्रिस्क्रिप्शन) और बिना योग्य फार्मासिस्ट के दवाओं का विक्रय नहीं करते हैं। इसकी नियमित जांच और निरीक्षण के लिए चिकित्सा व स्वास्थ्य विभाग के अधीन स्वतंत्र औषधि नियंत्रण विंग बनी हुई है, जहां जिले में दो औषधि निरीक्षक (डीआई) तैनात हैं। केमिस्टों का आरोप है कि किसी भी पुलिस थाने के अधिकारी या कर्मचारी को औषधि व प्रसाधन सामठाी अधिनियम 1940 के तहत जांच के लिए राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित (नोटिफाइड) नहीं किया गया है। इसके बावजूद, जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशों का हवाला देकर स्थानीय थानों की पुलिस तहसील स्तर के केमिस्टों को फोन पर और दुकानों पर आकर डरा-धमका रही है। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने तीखा सवाल उठाते हुए कहा कि पूरे राजस्थान में केवल चूरू जिले में ही पुलिस द्वारा ऐसी समांतर व गैर-कानूनी जांच की जा रही है, जो पूरी तरह से भेदभावपूर्ण और अनुचित है। केमिस्टों ने प्रशासन को चेतावनी दी है दुकानों बंद होने से उत्पन्न होने वाले किसी भी कानून-व्यवस्था या स्वास्थ्य संकट की पूरी जिम्मेदारी जिला व पुलिस प्रशासन की होगी। केमिस्टों ने जिला कलेक्टर से मांग की है कि कानूनन सम्मत तरीके से केवल अधिकृत विभाग को ही कार्रवाई करने दी जाए और जिले में पारदर्शी व भयमुक्त व्यापारिक माहौल सुनिश्चित किया जाए।

# ट्रक से बचने के प्रयास में डिवाइडर पर चढ़ी कार पलटी, तीन घायल

- अनियंत्रित होकर आगे खड़े दो अन्य वाहनों से जा भिड़ी कार

**नवलगढ़** (निसं)। कस्बे के बलवंतपुरा रेलवे फाटक के समीप मंगलवार सुबह एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। ट्रक से बचने के प्रयास में एक कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गई और दूसरी लेन में पलट गई। इसके बाद पीछे से आ रही कार उससे टकरा गई तथा अनियंत्रित होकर आगे खड़े दो अन्य वाहनों से जा भिड़ी। इस दुर्घटना में चार वाहन क्षतिग्रस्त हो गए, जबकि एक महिला सहित तीन लोग मामूली रूप से घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार सुबह करीब 9:30 बजे झुंझुनूं की ओर से आ रही एक किया कार के सामने चैलासी की दिशा से अचानक एक ट्रक आ गया। टक्कर से बचने के लिए कार चालक ने वाहन को साइड में मोड़ने का प्रयास किया, लेकिन कार का संतुलन बिगड़ गया और वह डिवाइडर पर चढ़ते हुए दूसरी लेन में पलट गई। इसी दौरान पीछे से आ रही एक अन्य कार पलटी हुई कार से जा टकराई। टक्कर का असर इतना तेज था कि दूसरी कार भी नियंत्रण खो बैठी और आगे खड़े दो वाहनों से जा भिड़ी। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोग सहायता के लिए दौड़ पड़े। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। दुर्घटना के चलते कुछ समय तक यातायात प्रभावित रहा, जिसे पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए जल्द ही सुचारू करवा दिया। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें किया कार का डिवाइडर पर चढ़ना, दूसरी लेन में पलटना और पीछे से आ रही कार का उससे टकराना स्पष्ट दिखाई दे रहा है। फुटेज ने हादसे की गंभीरता को उजागर कर दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि उस समय सड़क पर यातायात अधिक होता तो दुर्घटना कहीं अधिक भयावह रूप ले सकती थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान के आधार पर पूरे घटनाक्रम की पड़ताल की जा रही है।







**आम सूचना**

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि मेसर्स गोयल मिनरल्स, निमोद चेजा पत्थर खदान M.L.No. 09/2023, रिफरेन्स संख्या -20231000086062, क्षेत्रफल - 1.3835 हेक्टर, निकट ग्राम - निमोद, तहसील - नीम का थाना, जिला - सीकर, राजस्थान के पर्यावरण स्वीकृति File no. RJ/25/SEAC2 (06)/MIN/EC/0353/Cat. B2/2024-25, जयपुर, दिनांक 18 June 2026 को प्रदान की गई है स्वीकृति की प्रतिलिपि राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण मण्डल के कार्यालय व वेबसाइटः http://rpcb.nic.in पर उपलब्ध है

लीज धारक- मेसर्स गोयल मिनरल्स



**सरस्वती कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, तारानगर (चूरू)**
वार्ड नं. 05, बैंक के पास, तारानगर (चूरू) 331304
email-sg.collegetrn@yahoo.in

**आवश्यकता**

स्थायी प्राचार्य, उप प्राचार्य एवं सहायक आचार्य हिन्दी साहित्य, अंग्रेजी साहित्य, संस्कृत साहित्य, भूगोल (तीन पद), गृहविज्ञान, कम्प्यूटर एप्लीकेशन, राजनीति विज्ञान, पुस्तकालय अध्यक्ष, शारीरिक शिक्षक, कार्यालय सहायक, लेखाकार, सहायक कर्मचारी के लिए महाविद्यालय में आवश्यकता है। इच्छुक अभ्यर्थी सम्पूर्ण दस्तावेज की फोटोप्रति सहित दिनांक 30.06.2026 तक कार्यालय में जमा करावें। सहायक आचार्य पद हेतु केवल NET, SET, PhD योग्यताधारी ही आवेदन करें।

सचिव
मोबाईल नं.-7014706671


# चिड़ावा की बेटी का अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन

- प्रतियोगिता मनीला में 24 से आयोजित होगी

**चिड़ावा** (निसं)। क्षेत्र के लिए गर्व की बात है कि गांव गोदा का बास (रघुवीरपुरा) एवं वर्तमान निवासी विकास नगर, चिड़ावा की बेटी निकिता चौधरी का चयन 2026 एशिया एंड ओशिनिया सैम्बो चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में हुआ है। यह प्रतियोगिता फिलीपींस की राजधानी मनीला में 24 से 28 जून 2026 तक आयोजित होगी। निकिता चौधरी 21 सदस्यीय भारतीय सैम्बो दल के साथ 23 जून को दिल्ली से फिलीपींस के लिए रवाना होंगी, जहां वे भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। इस प्रतियोगिता में 31 देशों के 600 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे, जिससे प्रतियोगिता का स्तर बेहद प्रतिस्पर्धात्मक और चुनौतीपूर्ण रहने वाला है। निकिता इससे पहले भी तीन बार भारतीय टीम का हिस्सा बनकर अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में देश का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं तथा भारत के लिए पदक जीतकर देश और राजस्थान का गौरव बढ़ा चुकी हैं। उनके अनुभव और शानदार प्रदर्शन को देखते हुए इस बार भी क्षेत्रवासियों और खेल प्रेमियों को उनसे पदक जीतने की उम्मीद है। निकिता के पिता राजेश गजराज एवं माता सुशील ने इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त की है। उन्होंने बताया कि निकिता ने लगातार मेहनत और समर्पण के बल पर यह मुकाम हासिल किया है।

## शहरी सेवा शिविर में किया समस्याओं का समाधान

**राजलदेसर**। मदन दाधीच राज्य सरकार के स्वायत्त शासन विभाग द्वारा आयोजित शहरी सेवा शिविर के तहत मंगलवार को नगरपालिका परिसर में वार्ड संख्या 13, 14 एवं 15 के लिए अधिशाषी अधिकारी सहदेव दान चारण के निर्देशन में शहरी सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में वार्डवासियों की विभिन्न समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया। प्राप्त आवेदनों में 69-क का 1 आवेदन, जन्म पंजीयन के 2, विवाह पंजीयन का 1, पेंशन योजना के 2, जन आधार के 6, आधार सीडिंग के 7, साफ-सफाई संबंधी 4 तथा खाद्य सुरक्षा के 4 आवेदनों का निस्तारण किया गया। इसके अलावा बिजली विभाग द्वारा 4 तथा जलदाय विभाग द्वारा 5 समस्याओं का समाधान कर आमजन को राहत प्रदान की गई।


**राजस्थान आवासन मण्डल खण्ड झुंझुनूं**
**आवश्यक सूचना**

राजस्थान आवासन मण्डल की खण्ड झुंझुनूं के अधीन आवासीय योजनाओं के निम्न सूची में सम्बन्धित आवंटियों को मण्डल द्वारा किराया क्रय/ नकद भुगतान / स्ववित पोषित योजना/खुली बिक्री योजना के अन्तर्गत आवास आवंटित किये थे। इन आवंटियों ने अपने आवास का विक्रय / हस्तान्तारण अन्य व्यक्तियों को कर दिया है। आवास क्रय करने वाले व्यक्तियों ने आवास को अपने पक्ष में नियमितिकरण हेतु वांछित प्रपत्रों सहित आवेदन किया है। मण्डल द्वारा निम्न सूची में सम्मिलित आवास का मूल आवंटी के नाम से निरस्तीकरण / एवं क्रेता के पक्ष में नियमितिकरण के विरूद्ध यदि कोई हितकारी अपना पक्ष प्रस्तुत करना चाहे तो इस सूचना के प्रकाशन होने की दिनांक से 07 दिवस में झुंझुनूं के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। अन्यथा यह मानते हुये कि इन आवासों के मूल आवंटी/अन्य किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति नहीं है। मूल आवंटी के नाम से आवास निरस्त करते हुये क्रेता के पक्ष में नियमितिकरण किये जाने की कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जायेगी।

| क्र.सं. | आवास संख्या | मूल आवंटी का नाम | क्रेता का नाम | योजना का नाम | शहर |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 4/65 | श्री सलीम खान | श्री शिशपाल सिंह | चूरू | चूरू |

(जे.पी.वर्मा) आवासीय अभियन्ता राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड-झुंझुनूं


## 70 साल पुरानी जलभराव समस्या खत्म, बांय गांव को मिली राहत

**तारानगर** (निसं)। तारानगर तहसील के गांव बांय में 70 साल से चली आ रही जलभराव की समस्या अब खत्म हो गई। संत रामपाल जी महाराज की अन्नपूर्णा मुहिम के तहत गांव में 17 हजार फीट 8 इंची पाइप और 20 की 3 किर्लोस्कर मोटरें भेजी गईं। ग्रामीणों ने बताया कि हर बारिश में गांव तालाब बन जाता था। सैकड़ों घरों में कई दिन तक चूल्हा नहीं जलता था। प्रशासक इकबाल खां, पूर्व सरपंच भादर वर्मा और देविसिंह ने कहा कि प्रशासन के चक्कर काटकर थक गए थे कोई सुनवाई नहीं हुई। ग्रामीणों की प्रार्थना के बाद संत रामपाल जी महाराज के आदेश पर सर्वे टीम ने दूसरे दिन सर्वे किया। अगले ही दिन पाइप और 3 बड़ी मोटरें गांव पहुंच गईं जो सेवादार अमन ने पंचायत को सामान सौंप दिया। अब पाइपलाइन से पानी की निकासी होगी।